राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

आकाशवाणी की राजस्थानी वेबसाइट का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

जयपुर, 4 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आकाशवाणी समाचार, जयपुर की राजस्थानी वेबसाइट का मंगलवार को यहां राजभवन में कंप्यूटर का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रादेशिक भाषा और संस्कृति के संदर्भ में राजस्थान के निवासियों के लिए ऑनलाइन यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इसके लिए बधाई दी।

आकाशवाणी समाचार जयपुर के उप महानिदेशक श्री मयंक कुमार ने बताया कि राजस्थानी में समाचार की यह पहली वेबसाइट है। राजस्थान में प्रमुख समाचारों को राजस्थानी में प्रसारण के साथ वेबसाइट पर भी देने की इससे पहल हुई है।

इस दौरान आकाशवाणी जयपुर के उप निदेशक (समाचार) श्री रामखिलाड़ी मीणा, संवाददाता श्री जितेंद्र द्विवेदी और वरिष्ठ समाचार वाचक श्रीमती शीला चावला और राजस्थानी समाचार वाचक श्री सुदर्शन नाहर उपस्थित रहे।

——